10HBFTQ1301

प्रथम कालाँत मूल्याँकन २०१३–१४(**MODEL**)

Third Language Hindi

कक्षा : 10 कुल स्कोर : 40

समय : 1½

सामान्य निर्देश:

- सभी प्रश्नों के निर्देश ध्यान से पढ़ें।
- पन्द्रह मिनट का कूल–आफ टाईम दिया जाएगा। वह प्रश्न पत्र के वाचन करने और लिखने के पूर्व तैयारी केलिए हैं।
- 5 से 7 और 8 से 10 तक के प्रश्नों में विकल्प हैं।

1.तालिका की पूर्ति करके लिखें (2)

पाठ	प्रोक्ति	रचयिता
गैरा	.....	महादेवी वर्मा
.....	घटना	मिलानी
बाबूलाल तेली की नाक	कहानी	.....
नदी और साबुन	.....	ज्ञानेन्द्रपति

2. अंग्रेज़ी शब्दों के स्थान पर उनके समानार्थी हिंदी शब्द रखकर निम्नलिखित खंड़ का पुनर्लेखन करें। (3)

आप के नाम पर registered letter भेजने केलिए आवश्यक stamp भी भेज दीजिए। अधिक जानकारी केलिए आप निम्नलिखित नंबर पर telephone कर सकते हैं।

(डाक टिकट, दूरसंचार, दूरभाष, पंजीकृत पत्र)

3. निम्नलिखित घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें। (2)

- पशु चिकित्सकों ने निर्णय दिया कि गाय को सूई खिला दी गई है।
- गौरा ने दाना – चारा खाना बहुत कम कर दिया।
- लेखिका ने पशु चिकित्सकों को बुलाकर दिखाया।
- गौरा को सेव का रस पिलाना शुरू किया।

4. निम्नलिखित चरित्रगत विशेषताओं से महादेवीवर्मा की विशेषताएँ चुनकर लिखें।(2)

- लौकिक बुद्धि में अपने को श्रेष्ठ समझनेवाली
- पशु–पक्षियों के प्रति प्यार रखनेवाली
- खाद्य–समस्या के समाधान केलिए पशु–पक्षी न पालने वाली

5 से 7 तक के प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो प्रश्नों</u> के उत्तर लिखें। (2 x2=4)

5. 'बैंगनी हो गई तुम्हारी शुभ्र त्वचा'– यहाँ कवि किस समस्या की ओर इशारा करना चाहते हैं? आप का विचार प्रकट करें।

6. आजकल ज़रा–सी बीमीरी पर बड़ी सी बड़ी टेस्ट करवाई जाती है। चिकित्सा के क्षेत्र में प्रचलित इस बुरी प्रवृत्ति पर टिप्पणी लिखें।

7. हाथी के बेघर होने में मानव समाज का असंगतिपूर्ण विकास भी जिम्मेदार है – इस प्रस्ताव से आप कहाँ तक सहमत हैं ?

8 से 10 तक के प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो प्रश्नों</u> के उत्तर लिखें (2x4=8)

8. मान लें, गौरा की मृत्यु से संघर्ष का विवरण करते हुए महादेवी वर्मा अपनी बहन के नाम पत्र लिखती है। वह पत्र कल्पना करके लिखें।

9. तोरपा ब्लॉक से गुजरते हाथी पर बिजली का झटका लगा और वह मर गया । अगले दिन के अखबारों में यह समाचार आया । वह समाचार कल्पना करके लिखें ।

10. डॉ.लालूराम तेली के अस्पताल पहुंचे बावुलाल तेली और डॉक्टर के बीच का वार्तालाप कल्पना करके लिखें।

सूचना : निम्नलिखित कविता पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

उपवन की यह राजकुमारी
रंगों से सजी धजी
झलक अपने दिखलाने आती
हाथ किसी के वह नहीं आती

प्यारी–प्यारी चंचल तितली
लाल–लाल पीले फूलों पर
सारा दिन मंड़राती तितली
रंग–बिरंगी प्यारी तितली

फूलों का रस पीती रहती
फिर भी दुबली पतली दिखती
फूल–फूल मंड़राती फिरती
प्यारी–प्यारी चंचल तितली
(सजी–धजी – अलंकृत, അലങ്കരിക്കപ്പെട്ട, झलक – ശോഭ,
मंडराना – ചുറ്റക്കറങ്ങുക)

11. झलक अपने दिखलाने आती–कौन?(फूल, तितली, पक्षी) (1)
12. कविता के लिए उचित शीर्षक लिखें। (1)
13. कविता का आशय लिखें। (3)
14. 'जल संरक्षण हमारा कर्तव्य है'– इस विषय पर एक पोस्टर तैयार करें। (3)

सूचना : निम्नलिखित अंश का संशोधन करके लिखें। (2)

15. गोपाल की भाई छठी कक्षा में पढ़ते है। उसके पास दो कलम और एक बस्ता है।

सूचना : निम्नलिखित विशेषणों से उचित विशेषण चुनकर खंड़ का पुनर्लेखन करें । (2)

16. बाज़ार में ..... फल बेचे जाते हैं। सेब, अनार आदि ..... होते हैं।.....
अनार देखने में बहुत ..... होते हैं।
(महँगे, तरह–तरह के, आकर्षक, लाल, गरीब)

सूचना : उचित योजकों से वाक्यों को मिलाएँ। (2)

17. वहाँ गंदगी है। वहाँ बीमारी है । (लेकिन, क्यों कि, जहाँ–वहाँ)

सूचना : निम्नलिखित गद्य खंड़ पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

प्रातः काल स्वास्थ्य केलिए उत्तम समय है। सूर्योदय होने से पहले ही हमें बिस्तर छोड़ देना चाहिए। इस समय हवा ताज़ा,और वातावरण शांत एवं प्रदूषण रहित होते हैं। सबेरे सैर करने से फेफड़ों को ताज़ा हवा मिलती है, जिसमें ओक्सिजन की अधिकता होती है। सबेरे घूमने से शरीर में दिन भर स्फूर्ति रहती है। इस समय प्रकृति में नव जागरण होता है।

18. हमें कब बिस्तर छोड़ना चाहिए ? (1)

19. 'जिसमें' शब्द में प्रयुक्त सर्वनाम चुनें। (यह, वह, जो ,कौन) (1)

20. 'सबेरे सैर करने से फेफड़ों को ताज़ा हवा मिलती है'–इस वाक्य में विशेषण शब्द है....
(सबेरे, सैर, ताज़ा, हवा) (1)

21. प्रात:काल की क्या–क्या विशेषताएँ हैं ? (2)